# राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022

## प्रिलिम्स के लिये:

Startup Ranking 2022, National Startup Award,2023, Startup, स्टार्टअप रैंकिंग 2022, राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार, 2023, स्टार्टअप।

## मेन्स के लिये:

नवाचार की संस्कृति, व्यापार सुगमता और इससे संबंधित मुद्दों को बढ़ावा देने में स्टार्टअप की भूमिका।

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (Ministry of Commerce and Industry- MoCI)** ने **स्टार्टअप इकोसिस्टम** के समर्थन पर **राज्यों की रैंकिंग के चौथे संस्करण** के नतीजे जारी किये हैं।

- इस संस्करण के रैंकिंग अभ्यास में 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की **अब तक की सबसे अधिक भागीदारी** देखी गई।
- भारत में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाले अभ्यास को शामिल करने वाली **'राष्ट्रीय रिपोर्ट'**, साथ ही **'सर्वोत्तम प्रथाओं का एक संग्रह'** और सभी भाग लेने वाले प्रत्येक राज्य के लिये **'राज्यों की रिपोर्ट'** भी लॉन्च की गई जिसमें कुल 31 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने **राज्य स्टार्टअप नीतियाँ** तैयार की हैं।

## राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग क्या है?

- **परिचय:**
  - भारत सरकार की **स्टार्टअप इंडिया** पहल में नवाचार को बढ़ावा देने और नवोदित उद्यमियों को अवसर प्रदान करने के लिये देश में एक मज़बूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने की परिकल्पना की गई है।
  - **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (Ministry of Commerce and Industry- MoCI) के तहत** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) **2018 से राज्यों के स्टार्टअप रैंकिंग अभ्यास का आयोजन कर रहा है।**
    - यह अभ्यास देश में स्टार्टअप के लिये **कारोबारी माहौल** को **आसान** बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- **उद्देश्य:**
  - स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिये **राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा की गई प्रगति को सामने लाने में मदद करना।**
  - **प्रतिस्पर्द्धात्मकता** को बढ़ावा देना और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को सक्रिय रूप से काम करने के लिये प्रेरित करना।
  - राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को अच्छे अभ्यासों की **पहचान करना, सीखने और दोहराने के लिये सुविधा प्रदान** करना।
- **वर्गीकरण:** राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को **5 श्रेणियों** में वर्गीकृत किया गया है:
  - बेस्ट परफॉर्मर
  - टॉप परफॉर्मर
  - लीडर
  - आस्पाइरिंग लीडर
  - इमर्जिंग स्टार्ट-अप इकोसिस्टम
    - **नोट:** **'बिगिनिर लिस्ट'** पूर्ववर्ती रैंकिंग्स का हिस्सा थी लेकिन **वर्ष 2019 से इसे बंद कर दिया गया** है।

## स्टेट्स स्टार्टअप रैंकिंग 2022 के निष्कर्ष क्या हैं?

राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया था:

- **श्रेणी A (जनसंख्या 1 करोड़ से अधिक) और श्रेणी B (जनसंख्या 1 करोड़ से कम)**

| **श्रेणी A**<br><br>**राज्य और केंद्रशासित प्रदेश** | **श्रेणी B**<br><br>**राज्य और केंद्रशासित प्रदेश** |
|---|---|
| **बेस्ट परफॉर्मर**<br><br>गुजरात, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु | **बेस्ट परफॉर्मर**<br><br>हिमाचल प्रदेश |
| **टॉप परफॉर्मर**<br><br>महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना | **टॉप परफॉर्मर**<br><br>अरुणाचल प्रदेश, मेघालय |
| **लीडर**<br><br>आंध्र प्रदेश, असम, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड | **लीडर**<br><br>गोवा, मणिपुर, त्रिपुरा |
| **अस्पाइरिंग लीडर**<br><br>बिहार, हरियाणा | **अस्पाइरिंग लीडर**<br><br>अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, नगालैंड |
| **इमर्जिंग स्टार्ट-अप इकोसिस्टम**<br><br>छत्तीसगढ, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर | **इमर्जिंग स्टार्ट-अप इकोसिस्टम**<br><br>**चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव, लद्दाख, मिज़ोरम, पुद्दुचेरी, सिक्किम** |

- **7 व्यापक सुधार क्षेत्र:**
  - प्रतिभागियों का मूल्यांकन **7 व्यापक सुधार क्षेत्रों** के आधार पर किया गया, जिसमें **25 कार्य-बिंदु** शामिल थे:
    - संस्थागत समर्थन (Institutional Support)
    - नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहन (Fostering Innovation and Entrepreneurship)
    - बाज़ार तक पहुँच (Access to Market)
    - इन्क्यूबेशन और मेंटरशिप समर्थन (Incubation and Mentorship Support)
    - वित्तपोषण सहायता (Funding Support)
    - समर्थकों का क्षमता निर्माण (Capacity Building of Enablers)
    - सतत् भविष्य हेतु रोडमैप (Roadmap to a Sustainable Future)
  - कुल अंकों का 15% हिस्सा 9 भाषाओं (टेलीफोनिक और वेब-आधारित) में एकत्र 10,000 से अधिक सर्वेक्षण प्रतिक्रियाओं के आधार पर प्रदान किया गया।




//

- **भारतीय स्टार्ट-अप इकोसिस्टिम की स्थिति:**
  - पिछले 7 वर्षों में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या 120% CAGR) की दर से बढ़ी है और **अक्तूबर 2023 तक एक लाख से अधिक स्टार्टअप्स** मौजूद थे।
  - पिछले सात वर्षों में देश भर के लगभग 670+ ज़िलों में उपस्थिति के साथ **स्टार्टअप का कवरेज छह गुना बढ़ गया है**।
  - **लगभग 50% मान्यता प्राप्त स्टार्टअप टियर 2 और टियर 3 शहरों में स्थित हैं।**

# स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने हेतु कौन-सी पहलें की गई हैं?

- **फंड ऑफ फंड्स (FoF) योजना:**
  - जून 2016 में 10,000 करोड़ रुपए के कोष के साथ स्थापित स्टार्टअप योजना के लिये FoF का उद्देश्य कार्यान्वयन की प्रगति के आधार पर **14वें और 15वें** वित्त आयोग चक्रों में योगदान को बढ़ाकर घरेलू पूंजी तक पहुँच की सुविधा प्रदान करके **भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करना** है।
- **स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना (SISF):**
  - SISF, 945 करोड़ रुपए के कोष की सहायता के साथ **वर्ष 2021-22 से चार वर्ष की अवधि** के लिये अनुमोदित किया गया था जिसके तहत अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाज़ार में प्रवेश एवं व्यावसायीकरण के लिये **स्टार्टअप को वित्तीय सहायता** प्रदान की जाती है।
- **स्टार्टअप इंडिया इन्वेस्टर कनेक्ट:**

- स्टार्टअप इंडिया इन्वेस्टर कनेक्ट स्टार्टअप्स को निविशकों से जोड़ने के लिये **कृत्रमि बुद्धमित्ता-आधारति मैचमेकगि** की सुविधा प्रदान करता है, जसिसे उद्यमियों के लिये एक ही एप्लीकेशन के माध्यम से कई निवशकों तक अपने वचिारों को पहुँचाने की प्रक्रयिा को सुव्यवस्थति कयिा जाता है।

- **स्टार्टअप इंडयिा की बहुपक्षीय गतविधियाँ: स्टार्टअप20:**
  - **वर्ष 2023 में** [G20 में भारत की अध्यक्षता](#) के दौरान स्थापति [स्टार्टअप20 (Startup20)](#), स्टार्टअप के लिये एक समर्पति वैश्वकि मंच है, जो बड़े उद्यमों के लिये B20 को प्रतबिबिति करता है। भारत का स्टार्टअप20, जो अब **वैश्वकि स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पारसि्थतिकिी तंत्र** है, एक स्टार्टअप हब के रूप में अपनी स्थति को प्रदर्शति करता है।
  - एक **संवाद मंच** के रूप में यह G20 इंडयिा शेरपा तथा स्टार्टअप20 सचविालय द्वारा समर्थति व्यापक आर्थकि मुद्दों पर G20 नेताओं को शामलि करता है।
- **स्टार्टअप इंडयिा पहल के तहत अन्य हस्तक्षेप:**
  - **स्टार्टअप इंडयिा इनोवेशन वीक:**
    - [DPIIT](#), [राष्ट्रीय स्टार्टअप दविस (National Startup Day)](#) यानी 16 जनवरी के समीप स्टार्टअप इंडयिा इनोवेशन सप्ताह का आयोजन करता है, जसिका प्राथमकि लक्ष्य **देश के प्रमुख स्टार्टअप्स, उद्यमियों, नविशकों, इनक्यूबेटरों, वत्तिीय संस्थाओं, बैंकों, नीतनिरि्माताओं एवं अन्य राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय हतिधारकों को उद्यमति और नवाचार को बढ़ावा देने हेतु एकजुट करना** है।
  - **राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार (NSA) के अंतर्गत सहायता प्रदान करना:**
    - यह स्टार्टअप इंडयिा द्वारा **उन स्टार्टअप एवं पारसि्थतिकिी तंत्र समर्थकों को पहचानने के साथ पुरस्कृत करने के लिये शुरू की गई एक पहल** है जो रोज़गार अथवा धन सृजन की उच्च क्षमता के साथ मापने योग्य सामाजकि प्रभाव का प्रदर्शन करते हुए नवीन उत्पादों तथा स्केलेबल उद्यमों का नरि्माण कर रहे हैं।
  - **MAARG पोर्टल:**
    - स्टार्टअप इंडयिा द्वारा MAARG पोर्टल **वभिनि्न क्षेत्रों, कार्यों, चरणों, भूगोल एवं पृष्ठभूमि में स्टार्टअप के लिये मेंटरशपि की सुवधिा प्रदान करने वाला वन-स्टॉप मेंटरशपि प्लेटफॉर्म** है।
- **स्टार्टअप्स के लिये अन्य संबंधति पहलें:**
  - [डजिटिल कॉमर्स के लिये ओपन नेटवर्क](#)
  - [फशिरीज़ स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज](#)
  - [स्टार्ट अप इंडयिा फंड](#)
  - [स्टार्टअप्स के लिये नीतगित सुधार](#)
  - [स्टार्ट-अप सेलस](#)
  - [राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परषिद](#)
  - [आत्मनरि्भर भारत ARISE-अटल न्यू इंडयिा चैलेंज](#)
  - [AIM-iCREST](#)
  - [राष्ट्रीय स्टार्टअप दविस 2024](#)

## राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2023 क्या है?

स्टार्टअप इंडयिा के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक [राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2023,](#) **उल्लेखनीय क्षमता प्रदर्शति करने वाले असाधारण** [स्टार्टअप](#) **एवं समर्थकों को सम्मानति** और पुरस्कृत करता है।

- ["आत्मनरि्भर भारत"](#) मशिन की दशिा में भारत की वनिरि्माण क्षमताओं में सुधार लाने पर ध्यान देने के साथ सरकार द्वारा पहचाने गए चैंपयिन क्षेत्रों पर भी वचिार कयिा गया है।
- **प्रमुख तथ्य:**
  - **राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कारों** के **चौथे संस्करण** में 2,000 से अधकि आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो पूरे बोर्ड में स्टार्टअप पारसि्थतिकिी तंत्र हतिधारकों के बीच पहल की बढ़ती स्वीकार्यता का प्रमाण है।
  - NSA 2023 ने अर्थव्यवस्था के **वभिनि्न क्षेत्रों** में सक्रयि रूप से कार्य कयिा है, साथ ही **समावेशति** के लिये एक उल्लेखनीय प्रतबिद्धता भी प्रदर्शति की है।
  - **NSA 2023** के लिये बड़ी संख्या में **स्टार्टअप उद्यमों में नेतृत्व** वाले पदों हेतु [महलिाओं](#) ने **आवेदन कयिा** है।
  - इसके अतरिकि्त **कई अनुप्रयोगों** ने स्वयं को स्थरिता **चैंपयिन के रूप में भी नामांकति** कयिा है, **जो** [जलवायु परविर्तन](#), **स्थरिता,** [अपशषिट प्रबंधन](#), [नवीकरणीय ऊर्जा](#) **या संबद्ध क्षेत्रों** पर केंद्रति हैं।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. उद्यम पूंजी का क्या अर्थ है? (2014)**

(a) उद्योगों को प्रदान की जाने वाली एक अल्पकालकि पूंजी
(b) नए उद्यमियों को प्रदान की गई एक दीर्घकालकि स्टार्ट-अप पूंजी

(c) हानि की स्थिति में उद्योगों को प्रदान की जाने वाली धनराशि
(d) उद्योगों के प्रतिस्थापन और नवीनीकरण के लिये प्रदान की गई धनराशि

**उत्तर: (b)**

---

***?????:***

**प्रश्न . "मेक इन इंडिया' कार्यक्रम की सफलता 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम और आमूल-चूल श्रम सुधारों की सफलता पर निर्भर करती है।" तर्कसंगत तर्कों के साथ चर्चा कीजिये।(2015)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/states-startup-ranking-2022